संख्या-03/2023 /001-2229-24-1-2022-95-2015

प्रेषक,

प्रभंजन यादव,
अनु सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

प्रबन्ध निदेशक,
उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0,
शक्ति भवन, लखनऊ।

ऊर्जा अनुभाग-1 लखनऊ : दिनांक 12 जनवरी, 2023

विषय:-वित्तीय वर्ष 2022-23 में भारत सरकार की दीन दयाल उपाध्याय ग्राम ज्योति योजना के अन्तर्गत समायोजन द्वारा वित्तीय स्वीकृति के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक निदेशक (वित्त), उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन लि0 के पत्र संख्या-1402/अधि0नि0(वित्त)/निधि-।।/डीडीयूजीजेवाई/398(एफ।)/2015-16, दिनांक 14 दिसम्बर, 2022 के संदर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि वित्तीय वर्ष 2022-23 में अनुदान संख्या-9 के लेखाशीर्षक-4801-06-190-06-30 में प्राविधानित धनराशि रूपये 315,00,00,000/- (रूपये तीन सौ पन्द्रह करोड़ मात्र) के सापेक्ष अवशेष धनराशि रूपये 262,69,14,990/- (रूपये दो सौ बाठस करोड़ उनहत्तर लाख चौदह हजार नौ सौ नब्बे मात्र) में से धनराशि रूपये 75,59,98,611/- (रूपये पचहत्तर करोड़ उनसठ लाख अठ्ठांनवे हजार छः सौ ग्यारह मात्र) को पुस्तक समायोजन द्वारा स्वीकृत कर आहरित किये जाने की श्री राज्यपाल महोदय सहर्ष अनुमति प्रदान करते हैं।

<u>नियम व शर्तें / प्रतिबन्धों</u>

(1) उक्त प्रस्तर-1 में स्वीकृत की गयी धनराशि का आहरण नकद न कर पुस्तक समायोजन द्वारा किया जायेगा।

(2) उक्त प्रस्तर-1 में स्वीकृत धनराशि का आहरण वास्तविक आवश्यकतानुसार किया जायेगा।

(3) उक्त प्रस्तर-1 में स्वीकृत धनराशि के आहरण हेतु कारपोरेशन के सक्षम प्राधिकारी द्वारा वित्तीय नियम संग्रह खण्ड-5 भाग-1 के प्रपत्र संख्या-42जी/शुद्ध पत्र संख्या-426, दिनांक 13 जुलाई, 1971 द्वारा निर्धारित प्रपत्र पर बिल बनाकर प्रतिहस्ताक्षर हेतु ऊर्जा अनुभाग-1, उत्तर प्रदेश शासन को उपलब्ध कराया जायेगा।

(4) प्रस्तर-1 में स्वीकृत धनराशि के सापेक्ष समय-समय पर व्यय की गयी धनराशि का सम्पूर्ण विवरण यथा कोषागार का नाम जहाँ से धनराशि आहरित की गयी है, बाउचर संख्या, आहरण की तिथि, लेखाशीर्षक आदि तथा आहरित धनराशि के संबंध में उपयोगिता प्रमाण-पत्र महालेखाकार, उत्तर प्रदेश, लखनऊ/प्रयागराज और ऊर्जा विभाग, तथा वित्त विभाग, उत्तर प्रदेश शासन को नियमानुसार उपलब्ध कराने की बाध्यता होगी।

(5) इस शासनादेश में निर्धारित विशिष्ट शर्तों का अनुपालन निदेशक (वित्त), उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0 द्वारा सुनिश्चित किया जायेगा।

(6) प्रस्तर-1 अवमुक्त की गयी धनराशि को लेखा शीर्षक-"0801-बिजली-06-ग्रामीण विद्युतीकरण-800-अन्य प्राप्तियॉं-01-ग्रामीण विद्युतीकरण निगम से प्राप्तियॉं के अन्तर्गत जमा की जायेगी।

2- इस संबंध में होने वाला व्यय रुपये 75,59,98,611 (रुपये पचहत्तर करोड़ उनसठ लाख अट्ठानबे हजार छह सौ ग्यारह मात्र) को चालू वित्तीय वर्ष 20222023 के आय-व्ययक मे **अनुदान संख्या** 009 **लेखाशीर्षक** 4801061900600 दीन दयाल उपाध्याय ग्राम ज्योति योजना के अन्तर्गत विद्युत वितरण कार्यों हेतु अंशपूंजी (के.60/रा.10/नि.30-के.) **मानक मद** 30 निवेश/ऋण के नामे डाला जायेगा।

3- यह आदेश कंप्यूटर द्वारा उत्पन्न संख्या E-10-130-X-2022-23-दिनांक:9-1-2023 मे प्राप्त वित्त विभाग की सहमति से निर्गत किये जा रहे है।

भवदीय,

प्रभंजन यादव
अनु सचिव।

<u>संख्या-03/2023 /001-2229-24-1-2022-95-2015, तद् दिनांक।</u>

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- महालेखाकार, (लेखा एवं हकदारी) प्रथम, उ0प्र0, सरोजनी नायडू मार्ग, प्रयागराज-211001
2- महालेखाकार, (लेखा परीक्षा) प्रथम, उ0प्र0, सरोजनी नायडू मार्ग, प्रयागराज-211001
3- महालेखाकार, (आर्थिक एवं राजस्व लेखा परीक्षा), उ0प्र0, छठवां तल, केन्द्रीय भवन, सेक्टर- एच, अलीगंज, लखनऊ।
4- मुख्य कोषाधिकारी, लखनऊ।
5- वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनुभाग-10/वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1/ गार्ड बुक।

आज्ञा से,

प्रभंजन यादव
अनु सचिव।